हरिभूमि
रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार 6 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 35 .3°c
न्यूनतम 23 .2°c

शहर में आज

- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे।
- राजकीय महिला महाविद्यालय में उड़ान कार्यक्रम का आयोजन सुबह 10 बजे
- दयावती मोदी अकादमी में सीबीएसई नेशनल लॉन टेनिस प्रतियोगिता सुबह 10 बजे
- जिला कांग्रेस भवन में प्रेसवार्ता सुबह 11 बजे।

पीजीआई के डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की कड़ी मेहनत लाई रंग

पिता ने नौकरी छोड़ी, मां भी रही सिरहाने... 23 महीने जिस्म में सांसें भरती रहीं मशीनें, जिंदगी की जंग जीत छह वर्षीय दक्ष 8 साल का होकर लौटा घर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिस बच्चे के शरीर में 23 महीने तक मशीनें सांस भरती रहीं, जिसके माता-पिता हर दिन उसके ठीक होने की उम्मीद में अस्पताल की चौखट पर बैठे रहे और जिसके बचने की उम्मीद धीरे-धीरे मुश्किल होती जा रही थी, आखिरकार उस मासूम ने जिंदगी की जंग जीत ली। छह साल की उम्र में गंभीर हालत में पीजीआईएमएस पहुंचा मासूम दक्ष अब आठ साल का होकर अपने पैरों पर नहीं, लेकिन अपने शरीर को खुद हिला-डुलाकर घर लौट गया। उसकी इस वापसी ने पीआईसीयू के डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की आंखों में खुशी के आंसू ला दिए।

चुनौतीपूर्ण था उपचार

पीजीआईएमएस के शिशु रोग विभाग की टीम ने करीब दो साल तक लगातार उपचार, फिजियोथेरेपी और पोषण संबंधी देखभाल के बाद बच्चे को नई जिंदगी दी। पीआईसीयू इंचार्ज डॉ. कुंदन मित्तल की निगरानी में बच्चे का उपचार चलता रहा। 5 अक्टूबर 2024 को छह साल की उम्र में उसे बेहोशी, तेज बुखार और हाथ-पैर न हिला पाने की गंभीर स्थिति में पीआईसीयू लाया गया था। हालत इतनी नाजुक थी कि उसे लगातार वेंटिलेटर और 100 प्रतिशत ऑक्सीजन सपोर्ट की जरूरत पड़ी। डॉ. कुंदन मित्तल ने बताया कि बच्चे का उपचार बेहद चुनौतीपूर्ण था। करीब 23 महीने तक उसे वेंटिलेटर और 100 प्रतिशत ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया। मेडिकल उपचार के साथ नियमित फिजियोथेरेपी और न्यूट्रिशनल सपोर्ट दिया गया। डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ ने बच्चे की स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखी। धीरे-धीरे उसकी हालत में सुधार आया और अब वह स्थिर स्थिति में है। डॉक्टरों के अनुसार माता-पिता घर पर उसकी देखभाल कर सकते हैं और फॉलोअप के दौरान उसकी सेहत की निगरानी जारी रहेगी।



डिस्चार्ज के वक्त भावुक हुआ पूरा पीआईसीयू

बच्चे के घर जाने का समय पीआईसीयू के लिए भी भावुक कर देने वाला रहा। पिता सोमबीर ने डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ के पैर छुए। केक काटा, मिठाई बांटी और स्टाफ को मोमेंटो देकर आभार जताया। उन्होंने कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल से कहा कि डॉ. कुंदन मित्तल और उनकी टीम उनके लिए भगवान से कम नहीं है, जिन्होंने दो साल तक उनके इकलौते बच्चे को संभाला। नर्सिंग स्टाफ ने बताया कि इतने लंबे समय तक पीआईसीयू में रहने के कारण बच्चा वार्ड के परिवार का हिस्सा बन गया था। उसका जन्मदिन भी पूरा स्टाफ मिलकर मनाता था। कई बार नर्सिंग स्टाफ उसके माता-पिता के लिए घर से खाना तक लेकर आता था। अब जब वही बच्चा ठीक होकर घर जा रहा था तो खुशी के साथ स्टाफ की आंखें भी नम हो गईं।

डॉ. मित्तल ने फरिश्ते की तरह हर संभव मदद की: सोमबीर

बच्चे के पिता सोमबीर दहिया गांव गढ़ी सिसाना के रहने वाले हैं और दिल्ली में टैक्सी चलाते हैं। परिवार में वह अकेले कमाने वाले हैं। बेटे के बीमार पड़ने के बाद उन्होंने काम छोड़ दिया और करीब दो साल तक पीजीआईएमएस में ही उसके साथ रहे। उनकी पत्नी गृहिणी हैं और वह भी लगातार बेटे के सिरहाने बैठी रहीं। सोमबीर ने भावुक होकर कहा कि पीजीआईएमएस उनके लिए पिछले दो साल से दूसरा घर बन गया था। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पताल में मरीज की इतनी अच्छी देखभाल उन्होंने पहले कभी नहीं देखी। अगर यही उपचार निजी अस्पताल में कराना पड़ता तो शायद परिवार की सारी जमा पूंजी खत्म हो जाती। उन्होंने डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ का आभार जताते हुए कहा कि उनका एहसान जिंदगीभर नहीं भूल पाएंगे। बच्चे के पिता सोमबीर दहिया ने बताया कि दो साल तक बच्चे का उपचार करना आसान काम नहीं होता। वह खुद दिन रात बच्चे के पास रहे। कामकाज सभी बंद हो गए। ऐसे हालात भी आए कि जेब में पैसे नहीं थे। ऐसे कठिन समय में डॉ. कुंदन मित्तल ने फरिश्ते की तरह उनकी हर सम्भव मदद की। उन्होंने उनके बच्चे के लिए दवाई दिलवाने से लेकर कई तरह मदद करवाई।

सेवा की मिसाल

जब मरीज में जीने की चाहत हो और डॉक्टर में दिन-रात मेहनत कर मरीज की जान बचाने का दृढ़ संकल्प हो, तो चिकित्सक मरीज को मौत के मुंह से भी निकाल लाता है। मरीजों के प्रति लगाव और सेवा की ऐसी ही मिसाल पेश की है पीजीआईएमएस के पीआईसीयू इंचार्ज डॉ. कुंदन मित्तल और उनकी टीम ने।

-डॉ. एचके अग्रवाल, कुलपति, पीजीआईएमएस

प्रदीप नारा मौत मामले में एसपी से मिला दूसरा पक्ष कहा- मामले की हो निष्पक्ष जांच

32 करोड़ की मांग, सुसाइड नोट व पार्टनरशिप पर सवाल

जीजा समेत कई पर षड्यंत्र का आरोप, तीसरे पार्टनर की भूमिका की भी जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

एडवोकेट प्रदीप नारा की मौत के मामले में अब कहानी सिर्फ आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोपों तक सीमित नहीं रह गई है। मामले में दूसरा पक्ष एसपी के सामने पहुंचा तो पुरानी पार्टनरशिप, करोड़ों रुपये की कथित मांग और सुसाइड नोट की सत्यता को लेकर कई सवाल उठाए गए। परिजनों ने दावा किया कि प्रदीप नारा के कारोबार से जुड़े रहे एक पुराने पार्टनर से वर्ष 2023 में पार्टनरशिप खत्म हो चुकी थी, लेकिन अब 32 करोड़ रुपये की कथित मांग को लेकर विवाद खड़ा किया जा रहा है। उन्होंने पूरे मामले में किसी तीसरे व्यक्ति की भूमिका की भी जांच की मांग की है। बता दें कि प्रदीप नारा ने 30 सितंबर की शाम आंबेडकर चौक स्थित कांग्रेस भवन के बाहर अपनी स्कॉर्पियो में लाइसेंसी पिस्तौल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। आर्य नगर थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आत्महत्या के लिए विवश करने से संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया था। अब दूसरे पक्ष के लोग एसपी से मिले और मामले में निष्पक्ष जांच की मांग रखी।

परिवार को षड्यंत्र के तहत फंसाया जा रहा

रोहित की पत्नी संगीता ने पुलिस अधिकारियों के सामने दावा किया कि घटना के समय मौके पर कोई सुसाइड नोट नहीं मिला था। उनके अनुसार बाद में सुसाइड नोट सामने आया, इसलिए उसकी भी जांच होनी चाहिए। उन्होंने आशंका जताई कि उनके परिवार को एक षड्यंत्र के तहत मामले में फंसाया जा रहा है। संगीता ने सुरजीत हुड्डा, सतपाल उर्फ बल्लू, मुकेश हुड्डा उर्फ बाबा, प्रदीप नारा के जीजा अमित लाठर और देवेंद्र नारा के नाम लेते हुए उनकी भूमिका की जांच की मांग की। संगीता ने यह भी सवाल उठाया कि आत्महत्या से पहले प्रदीप नारा किन लोगों के संपर्क में था और उसके साथ कौन मौजूद था। उन्होंने कहा कि इस अवधि की गतिविधियों और संपर्कों की भी पुलिस को पड़ताल करनी चाहिए। उनका दावा है कि परिवार के बीच विवाद पैदा करने की पहले भी बातें कही जाती रही थीं और अब इसका असर परिवार पर दिखाई दे रहा है।



एडवोकेट प्रदीप नारा की मौत के मामले में एसपी से मिलने आए दूसरे पक्ष के लोग।

2023 में ही खत्म कर दी थी पार्टनरशिप

मृतक के ताऊ कुलदीप ने कारोबार से जुड़े विवाद का दूसरा पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि देवेंद्र और महेंद्र का परिवार साथ काम करता रहा है। उनके अनुसार सुरजीत हुड्डा, मुकेश और मोनू भी कभी कारोबार में पार्टनर रहे थे, लेकिन वर्ष 2023 में उनके साथ पार्टनरशिप खत्म कर दी गई थी। कुलदीप ने कहा कि प्रदीप उनका भतीजा था और उन्होंने उसे बचपन से अपनी गोद में खिलाया है। ऐसे में अब उन्हीं पर आरोप लगना उन्हें षड्यंत्र का हिस्सा लगता है।

कहा- 32 करोड़ रुपये की मांग भी पूरी तरह गलत

कुलदीप ने आरोप लगाया कि देवेंद्र नारा ने पहले 50 लाख रुपये की मांग की थी और उसे 65 लाख रुपये देकर काम शुरू करवाया गया था। बाद में कथित तौर पर 200 करोड़ रुपये के छह प्रतिशत हिस्से के रूप में 12 करोड़ रुपये की मांग का दावा सामने आया। कुलदीप के अनुसार अब 32 करोड़ रुपये की मांग की जा रही है, जिसे उन्होंने पूरी तरह गलत बताया।

2016 में शुरू हुई कंपनी चेक की तारीख 2013-14

कुलदीप ने कहा कि उनकी कंपनी वर्ष 2016 में शुरू हुई थी, जबकि विवाद में जिन चेक का जिक्र किया जा रहा है, उनकी तारीख वर्ष 2013-14 की बताई जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि जांच में उनकी कोई गलती सामने आती है तो कार्रवाई की जाए, लेकिन बिना तथ्यों की पूरी जांच के परिवार को आरोपी बनाना उचित नहीं है।

एमपी की संपत्ति पर भी विवाद

संगीता ने आरोप लगाया कि मध्य प्रदेश स्थित एक कोठी और जमीन को लेकर भी विवाद चल रहा है। उनका दावा है कि वहां जमीन पर लोगों को बैठाया गया है और परिवार को किराए के मकान में रहने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने इस संपत्ति से जुड़े दस्तावेजों और लेनदेन की भी जांच कराने की मांग की।

तथ्यों के आधार पर होगी जांच

दूसरे पक्ष के लोगों ने एसपी से मुलाकात कर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और उन्हें गलत तरीके से परेशान नहीं किए जाने की मांग की। एसपी ने उन्हें आश्वासन दिया कि किसी के साथ अन्याय नहीं होगा और पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच करेगी। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

8 माह से साथ थे संदीप-कविता, दोस्तों से मिलने आए थे रोहतक

लिव इन कपल की हत्या करके नहर में फेंके शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

आठ महीने से लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे युवक और उसकी महिला साथी की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या कर शव नहर में फेंक दिया गया। रविवार को दोनों के शव झज्जर जिले में आसौदा के पास नहर से बरामद हुए। मृतक युवक सांपला के पास हसनगढ़ का रहने वाला संदीप था, जबकि महिला की पहचान यूपी निवासी कविता के रूप में हुई है। दोनों कुछ समय से हसनगढ़ छोड़कर दिल्ली के नेब सराय में साथ रह रहे थे। परिजनों ने संदीप के दो दोस्तों पर ही दोनों की हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

संदीप के भाई राकेश सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि संदीप हसनगढ़ में परचून की दुकान चलाता था। करीब तीन महीने पहले उसने दुकान बंद कर दी थी। इसके बाद वह कविता के साथ दिल्ली में रहने लगा था। हालांकि, उसका हसनगढ़ आना-जाना लगा रहता था। 26 सितंबर को संदीप और कविता कार से हसनगढ़ पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि दोनों वहां अपने परिचितों और दोस्तों से मिलने आए थे।





30 सितंबर को मां से हुई आखिरी बातचीत

परिजनों के अनुसार 30 सितंबर को संदीप की अपनी मां से फोन पर आखिरी बार बातचीत हुई थी। उस समय उसने बताया था कि वह कविता के साथ नितेश उर्फ मेडिस और नितेश उर्फ बच्चा के साथ है। संदीप ने मां से एक-दो दिन में वापस घर आने की बात भी कही थी। इसके बाद उसका मोबाइल फोन बंद हो गया और परिवार से संपर्क पूरी तरह टूट गया। कई दिन तक दोनों का कोई सुराग नहीं मिलने पर परिजन उनकी तलाश में जुट गए। रविवार को संदीप के परिजन हसनगढ़ पहुंचे। इसी दौरान उन्हें आसौदा के पास नहर में एक युवक और महिला के शव मिलने की जानकारी मिली। परिजन पुलिस चौकी पहुंचे। पुलिस ने शवों के फोटो दिखाए तो राकेश ने दोनों की पहचान संदीप और कविता के रूप में की।

दोस्तों पर हत्या का आरोप, कार भी गायब

संदीप के भाई ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि नितेश उर्फ मेडिस और नितेश उर्फ बच्चा ने ही दोनों की हत्या की है। आरोप है कि हत्या के बाद दोनों के शव नहर में फेंक दिए गए और संदीप की कार भी आरोपी अपने साथ ले गए। पुलिस अब आरोपों की जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि वारदात के पीछे वास्तविक वजह क्या थी।

30 लाख की रकम बनी शक की वजह

परिजनों ने हत्या के पीछे पैसों के लेनदेन को लेकर भी आशंका जताई है। राकेश के मुताबिक संदीप के पास जसौर खेड़ी गांव में जमीन थी, जिसे उसने कुछ समय पहले बेच दिया था। जमीन की बिक्री से उसे 30 लाख रुपये से अधिक की रकम मिली थी। यह रकम उसके बैंक खाते में बताई जा रही है। परिजनों के अनुसार संदीप बैंक पासबुक और डेबिट कार्ड भी अपने पास रखता था। हसनगढ़ में उसके कुछ आर्थिक लेनदेन होने की बात भी सामने आई है। पुलिस इन सभी पहलुओं को जांच में शामिल कर रही है। परिजनों के मुताबिक संदीप पहले से शादीशुदा था और उसके दो बच्चे हैं। उसकी पत्नी की वर्ष 2012 में मौत हो गई थी। इस मामले में उसके ससुराल पक्ष की शिकायत पर दहेज हत्या का केस भी दर्ज हुआ था। संदीप वर्ष 2024 में इस मामले से बरी हुआ था। इसके बाद करीब आठ महीने पहले उसकी मुलाकात यूपी निवासी कविता से हुई थी। दोनों पहले गांव में साथ रहने लगे और बाद में हसनगढ़ से दिल्ली जाकर रहने लगे।

सांपला पुलिस ने छापेमारी शुरू की

डीएसपी सांपला राकेश मलिक ने बताया कि मामले में हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दो टीमें गठित की गई हैं। पुलिस हत्या के कारण, दोनों की आखिरी लोकेशन, मोबाइल फोन, कार और पैसों के लेनदेन समेत वारदात से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि जांच आगे बढ़ने के बाद ही हत्या की वास्तविक वजह और पूरे घटनाक्रम की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

कलानौर में शराब ठेके का ताला तोड़कर 3.50 लाख रुपये चुराए

रोहतक। कलानौर में निगाणा मोड़ के पास स्थित जी. टाउन्स के अंग्रेजी व देशी शराब ठेके का शटर तोड़कर चोर करीब 3.50 लाख रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। वार्ड नंबर-9 निवासी ललित ठेके पर सेल्समैन है। उसने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 3 अक्टूबर की रात करीब 11:30 बजे वह ठेका बंद कर घर चला गया था। अगले दिन सुबह 6:40 बजे वापस पहुंचा तो शटर का ताला टूटा मिला। अंदर जांच करने पर नकदी रखने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली गत्ते की पेटी गायब मिली, जिसमें करीब 3.50 लाख रुपये रखे थे। सूचना मिलने पर शहर कलानौर पुलिस चौकी ने मौके का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि अज्ञात चोरों का सुराग लगाया जा सके।

सीआईए -1 की टीम ने सांपला बाइपास पर 3.7 किलो अफीम के साथ दो तस्कर पकड़े

रोहतक। रोहतक पुलिस की सीआईए-1 टीम ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सांपला बाइपास से दो युवकों को 3 किलो 772 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। सांपला के डीएसपी राकेश मलिक ने बताया कि एएसआई विकास की टीम जांच कर रही थी तभी दो संदिग्ध युवक पैदल जाते दिखे तो पुलिस ने दोनों को संदेह के आधार रोकर जांच की तो उनके पास से 3 किलो 772 ग्राम अफीम बरामद हुई। पुलिस ने मौके पर ही दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया। बताया जा रहा है कि आरोपित राजसिंह (42) और टिंकू (28) छत्तीसगढ़ से अफीम लेकर आए थे। वे इसे कहां लेकर जा रहे थे इसका खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दोनों सोनीपत के धनाना गांव के रहने वाले हैं। राजसिंह के खिलाफ भिवानी में केस दर्ज है वह दो साल पहले सजा काटकर आया था और अभी जमानत पर चल रहा है।



75 वर्षीय महिला के अपहरण में महिला समेत दो गिरफ्तार

रोहतक। सदर थाना पुलिस ने 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला के अपहरण का मामला सुलझाते हुए महिला समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने महिला को उत्तर प्रदेश के बागपत जिले के छपरौली स्थित एक मकान से सकुशल बरामद किया। गांव मकड़ौली कलां निवासी सुरेंद्र ने 25 सितंबर को शिकायत दी थी कि परिवार के कुछ लोग उसकी मां रामकोर से बातचीत करने के बहाने मिले और जबरदस्ती गाड़ी में बैठाकर ले गए। मामले की जांच पीएसआई प्रदीप ने की। पुलिस ने 4 अक्टूबर को गौरव कुमार पुत्र उदयपाल निवासी छपरौली और रितु पत्नी राजीव निवासी पट्टी धनकोरैया, हाल गांव छपरौली, बागपत को गिरफ्तार किया। दोनों की निशानदेही पर रामकोर को बरामद किया गया। आरोपियों को अदालत में पेश कर जांच जारी है।

रिहान उर्फ कालू हत्यकांड में पुलिस ने तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया

मात्र 1700 रुपये के लिए चाकू से चीर दिया था पेट, पुलिस ने चाचा समेत 5 पर दर्ज किया था केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महज 1700 रुपये के लेन-देन को लेकर शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि रिश्ते में चाचा लगने वाले व्यक्ति ने युवक पर मुर्गा काटने वाले चाकू से हमला कर दिया। कबीर कॉलोनी में हुई इस वारदात में 27 वर्षीय रिहान उर्फ कालू की मौत हो गई। वारदात के बाद पुलिस ने मामले में तीन लोगों को हिरासत में लिया है। सोमवार को पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस अब हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ कर वारदात में उनकी भूमिका और पूरे घटनाक्रम की कड़ियां जोड़ने में जुटी है।



मृतक रिहान उर्फ कालू पुत्र मुमताज कबीर कॉलोनी का रहने वाला था। परिजनों के मुताबिक, उसका सामान के उधार के 1700 रुपये को लेकर अजीज से विवाद चल रहा था। रविवार दोपहर इसी बात को लेकर कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि विवाद के दौरान अजीज ने मुर्गा काटने वाली दुकान से चाकू उठाकर रिहान पर हमला कर दिया। गंभीर हालत में उसे ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

परिजनों के अनुसार रिहान स्कूटी पर परचून की दुकान से सामान लेने के लिए निकला था। इसी दौरान रास्ते में चार-पांच लोगों ने उसे घेर लिया। आरोप है कि उससे बकाया रकम मांगी गई। रिहान ने एक-दो दिन में पैसे देने की बात कही, लेकिन विवाद शांत नहीं हुआ। इसी दौरान मामला हाथापाई तक पहुंच गया और एक युवक कथित तौर पर पास की मुर्गा काटने वाली दुकान से चाकू उठा लाया। इसके बाद रिहान पर हमला कर दिया गया।

परिजनों ने कहा- दो दिन पहले भी किया था झगड़ा

रिहान के परिजनों ने हत्या के मामले में अजीज, आरीफ, सलीम मार्चरी, आशीष और कालू के खिलाफ आरोप लगाए हैं। परिजनों का कहना है कि आरोपियों ने पहले भी रिहान के साथ विवाद किया था और दो रात पहले भी उसके साथ झगड़ा हुआ था। उन्होंने आरोप लगाया कि उस दौरान भी रिहान पर हमला करने का प्रयास किया गया था।

पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ शुरू की

सिटी थाना पुलिस को कबीर कॉलोनी में युवक को चाकू मारने की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल रिहान को ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की और तीन लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है।

पोस्टमॉर्टम के बाद सामने आएगी चोटों की स्थिति

पुलिस ने सोमवार को रिहान के शव का पोस्टमॉर्टम करवाया। प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और घटनास्थल से जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ा रही है। हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ के बाद वारदात में इस्तेमाल हथियार और अन्य पहलुओं को लेकर भी स्थिति स्पष्ट होने की उम्मीद है।

जिले में 8.50 लाख मतदाता, 6.90 लाख का ऑनलाइन सत्यापन; 1.59 लाख का बाकी

ड्राफ्ट वोटर लिस्ट के बाद दावे-आपत्तियां शुरू, 15 हजार आवेदन पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

एसआईआर के तहत जिले में ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी होने के बाद दावे-आपत्तियां और मतदाता सूची में बदलाव के लिए आवेदन आने शुरू हो गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के अनुसार अब तक करीब 15 हजार दावे, 12,520 सुधार के आवेदन और 2 हजार आपत्तियां दर्ज की गई हैं। जिले की ड्राफ्ट मतदाता सूची में कुल 8,50,304 मतदाता हैं। इनमें 6,90,752 मतदाताओं का ऑनलाइन सत्यापन हुआ, जबकि 1,59,552 मतदाताओं का सत्यापन नहीं हो पाया।



नया नाम जुड़वाने के लिए फार्म-6

ड्राफ्ट सूची में नाम नहीं है और व्यक्ति मतदाता बनने की पात्रता रखता है तो फार्म-6 भरना होगा। 18 वर्ष या इससे अधिक आयु के पात्र नए मतदाता इस फार्म के माध्यम से नाम जुड़वाने का दावा कर सकते हैं। शादी के बाद दूसरे स्थान पर आई महिला या मतदाता सूची में किसी कारण से छूटे पात्र व्यक्ति भी फार्म-6 के जरिए नाम शामिल कराने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

गलत नाम हटाने के लिए फार्म-7

मतदाता सूची में किसी मृत व्यक्ति, स्थायी रूप से दूसरी जगह जा चुके व्यक्ति या अपात्र व्यक्ति का नाम दर्ज है तो फार्म-7 के जरिए उसे हटाने के लिए आपत्ति दर्ज की जा सकती है। किसी व्यक्ति का नाम एक से अधिक जगह दर्ज होने की स्थिति में भी संबंधित जानकारी निर्वाचन कार्यालय को दी जा सकती है। फार्म भरते समय दावे का आधार और संबंधित जानकारी सही देना जरूरी है।

नाम-पते में बदलाव के लिए फार्म-8

मतदाता का पता बदल गया है या मतदाता सूची में नाम, पता, जन्मतिथि अथवा अन्य विवरण में सुधार कराना है तो फार्म-8 भरना होगा। एक ही विधानसभा क्षेत्र में निवास स्थान बदलने पर भी इसी फार्म के माध्यम से पता स्थानांतरण के लिए आवेदन किया जा सकता है। मतदाता को वर्तमान और सही जानकारी के साथ आवश्यक प्रमाण प्रस्तुत करने होंगे।

दावे-आपत्ति में अंतर जानें

मतदाता सूची में दावा तब किया जाता है, जब कोई व्यक्ति अपना नाम सूची में जुड़वाना, दर्ज जानकारी को मान्य कराना या अपने मतदाता अधिकार को बनाए रखना चाहता है। वहीं आपत्ति तब दर्ज की जाती है, जब किसी व्यक्ति को सूची में दर्ज नाम या विवरण पर सवाल हो और वह उसे हटाने या सुधारने की मांग करता है। सरल शब्दों में, दावा अपना अधिकार दर्ज कराने के लिए, जबकि आपत्ति गलत प्रविष्टि को चुनौती देने के लिए होती है।

28 तक जांच, 6 को आएगी अंतिम सूची

एसआईआर के तहत जिले में ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी होने के बाद प्राप्त दावों और आपत्तियों की जांच कर उनका निपटारा 28 अक्तूबर तक किया जाना है। जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के अनुसार अब तक करीब 15 हजार दावे, 12,520 सुधार आवेदन और 2 हजार आपत्तियां प्राप्त हुई हैं। अधिकारियों द्वारा इन आवेदनों की जांच कर पात्र मामलों में जरूरी संशोधन किए जाएंगे। प्रक्रिया पूरी होने के बाद 6 नवंबर को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी।

5वें दिन भी रोहतक मंडी में धान की सरकारी खरीद नहीं हुई शुरू

निजी खरीद में 1509 किस्म ₹3950 प्रति क्विंटल बिकी

17% से अधिक नमी होने पर एजेंसियों ने हाथ खींचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

खरीफ फसलों की सरकारी खरीद शुरू हुए सोमवार को पांचवां दिन रहा, लेकिन रोहतक अनाज मंडी में धान की सरकारी खरीद अब तक शुरू नहीं हो पाई है। मंडी में धान लेकर पहुंच रहे किसानों को खरीद एजेंसियों द्वारा नमी अधिक होने की बात कहकर इंतजार करना पड़ रहा है। सोमवार को 34 किसानों को धान बिक्री के लिए गेट पास जारी किए गए। इन किसानों के जरिये 1850 क्विंटल धान मंडी पहुंचा। इससे पहले 1 से 4 अक्तूबर तक 4346 क्विंटल धान मंडी में आ चुका था। इस तरह सोमवार तक कुल 6196 क्विंटल धान सरकारी खरीद का इंतजार कर रहा था। खरीद एजेंसियों के अनुसार मंडी में पहुंच रहे धान में नमी 17 प्रतिशत से अधिक है। निर्धारित मानकों के अनुसार नमी अधिक होने के कारण एजेंसियां फिलहाल धान की सरकारी खरीद नहीं कर रही हैं। इससे मंडी में आवक बढ़ने के साथ किसानों के लिए फसल बेचने का इंतजार भी बढ़ रहा है। किसानों की नजर अब मौसम और धान में नमी कम होने पर टिकी है।



सोमवार तक बाजरे की 2001 क्विंटल आवक, 622 क्विंटल की बिक्री बाकी

रोहतक मंडी में सोमवार को बाजरा बेचने के लिए 62 किसानों के गेट पास जारी किए गए। इनके जरिये 879 क्विंटल बाजरा मंडी पहुंचा। इससे पहले चार दिनों में 1122 क्विंटल बाजरे की आवक हुई थी। सोमवार की आवक मिलाकर मंडी में कुल 2001 क्विंटल बाजरा पहुंच चुका है। इसमें से 1379 क्विंटल बाजरे की बिक्री के बाद लिफ्टिंग हो चुकी है, जबकि 622 क्विंटल अभी बिक्री का इंतजार कर रहा है।

- सोमवार को 34 किसानों को मिले गेट पास, 1 से 4 अक्तूबर तक 4346 क्विंटल धान रोहतक अनाज मंडी में आ चुका
- सोमवार तक कुल 6196 क्विंटल धान सरकारी खरीद का कर रहा था इंतजार,मौसम और धान में नमी कम होने पर टिकी किसानों की नजर

1509 धान की 10,605 क्विंटल हुई आवक

दूसरी ओर रोहतक मंडी में धान की निजी खरीद जारी है। सोमवार को 1509 किस्म के धान के लिए पांच गेट पास जारी किए गए और इनके माध्यम से 274 क्विंटल धान मंडी पहुंचा। अब तक 1509 किस्म के धान की कुल आवक 10,605 क्विंटल हो चुकी है। इसमें से 10,055 क्विंटल धान की बिक्री के साथ लिफ्टिंग भी हो चुकी है। इस तरह निजी खरीद में किसानों को सरकारी खरीद की तुलना में राहत मिल रही है। सरकारी खरीद के लिए पहुंचा धान की कुल 6196 क्विंटल आवक में अभी खरीद नहीं होने के कारण किसानों को मंडी में फसल बेचने के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। आने वाले दिनों में नमी कम होने पर सरकारी खरीद शुरू होने की उम्मीद है।

दो पश्चिमी विक्षोभः कल से 12 तक बदलेगा मौसम

रोहतक। हरियाणा में पिछले चार-पांच दिनों से सामान्य से अधिक चल रहा तापमान अगले सप्ताह मौसम में बदलाव के साथ नीचे आने की संभावना है। चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार लगातार दो पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से 7 से 12 अक्तूबर के बीच प्रदेश के कई हिस्सों में बादल छाने, हवाएं चलने और हल्की बारिश की संभावना है। इससे धान की कटाई प्रभावित हो सकती है। विभाग के अनुसार पश्चिमी खुश्क हवाओं के कारण पिछले दिनों दिन का तापमान सामान्य से 3 से 4 डिग्री सेल्सियस और रात का तापमान 2 से 3 डिग्री अधिक दर्ज किया गया है। अब पहला पश्चिमी विक्षोभ 7 अक्तूबर को पहाड़ी क्षेत्रों की ओर बढ़ने की संभावना है। इसके प्रभाव से 7 अक्तूबर की रात से 9 अक्तूबर के दौरान विशेषकर उत्तरी हरियाणा में हवाओं और गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। प्रदेश के अन्य हिस्सों में कुछ स्थानों पर छिटपुट बूंदाबांदी की संभावना है। इसके बाद दूसरा पश्चिमी विक्षोभ 9 अक्तूबर को आने की संभावना है। इसके प्रभाव से 10 से 12 अक्तूबर के दौरान प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में आंशिक बादलवाही के साथ हवाएं चल सकती हैं तथा कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ हल्की बारिश होने का अनुमान है। मौसम में बदलाव और बारिश की संभावना से खेतों में पक चुकी धान की फसल की कटाई प्रभावित हो सकती है। कटाई के बाद खेत में पड़ी फसल और मंडियों तक पहुंचने वाले धान पर भी बारिश का असर पड़ सकता है। किसानों को मौसम के पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए कटाई और फसल को सुरक्षित रखने की व्यवस्था करने की जरूरत होगी। विभाग के अनुसार 12 अक्तूबर के बाद मौसम फिर खुश्क होने की संभावना है।

न्यूज डायरी

मेगा शिविर में 350 लोगों का स्वास्थ्य जांचा



रोहतक। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा एवं संकल्प के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाखन माजरा में मेगा हेल्थ कैंप लगाया गया। भाजपा वरिष्ठ नेता शमशेर सिंह खरक ने कैंप का शुभारंभ किया। कैंप में 350 से अधिक मरीजों की जांच कर विशेषज्ञ चिकित्सकों ने उपचार और परामर्श दिया। डॉ. प्रवीन, डॉ. शिवकुमार, डॉ. भावना, डॉ. नीना और डॉ. माधुरी ने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर चिकित्सकीय सलाह दी। कैंप में गैर-संचारी रोग, एनीमिया, मानसिक स्वास्थ्य, नशामुक्ति, टीकाकरण, रक्तदान, अंगदान, आयुष्मान भारत-पीएमजेएवाई और आभा से संबंधित जानकारी दी गई। इस अवसर पर डॉ. पुष्पेंद्र सिंह, डॉ. डिंपल, डॉ. रणवीर सिंह, सतबीर राठी और कैप्टन ईश्वर शर्मा मौजूद रहे।

परीक्षा व्यवस्था का कुलसचिव ने लिया जायजा



रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल ने सोमवार को विश्वविद्यालय के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का दौरा कर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज एंड रिसर्च (इमसार) तथा वाणिज्य विभाग स्थित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया और परीक्षा संचालन से जुड़ी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल ने परीक्षा केंद्रों पर विद्यार्थियों के प्रवेश, बैठने की व्यवस्था, अनुशासन, निगरानी तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। प्रो. संदीप बंसल ने कहा कि विश्वविद्यालय परीक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की अनियमितता को स्वीकार नहीं करेगा और अनुचित साधनों के प्रयोग के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी।

कल निकलेगी सेवा ज्योति कलश यात्रा



रोहतक। सेवा संकल्प अभियान के तहत 7 अक्टूबर को सुबह 8 बजे पुरानी आईटीआई स्थित मदनलाल ढींगरा सामुदायिक केंद्र में सेवा ज्योति कलश यात्रा एवं विकसित भारत का संकल्प कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम के बाद मशाल ज्योति कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो निर्धारित मार्ग से होते हुए सुभाष चौक पहुंचेगी और वहीं इसका समापन होगा। बैठक में एवं पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, पूर्व सांसद रामचंद्र जांगड़ा, जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका, मेयर राम अवतार वाल्मीकि, महामंत्री नितिन जैन, दीपू नागपाल, ओमप्रकाश बागड़ी, अध्यक्ष खुशीराम हुड्डा और महंत सतीश दास ने तैयारियों पर चर्चा की। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के सुझाव दिए। अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, सचिव आरटीए वीरेंद्र ढुल, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त नमिता और जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल मौजूद रहे।

सड़क सुरक्षा पर छात्राओं ने निकाली रैली



रोहतक। राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालयमें हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत सड़क सुरक्षा सोसाइटी द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता और रैली का आयोजन किया गया। प्राचार्य शमशेर हुड्डा ने कहा कि सड़क सुरक्षा प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर ट्रैफिक इंटरप्रिटेशन सेल एवं रोड सेफ्टी सेल की संयोजिका डॉ. नरेश कुमारी ने भी छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया और सड़क सुरक्षा को लेकर डॉ. राधा राठी के नेतृत्व में जागरूकता रैली भी निकाली गई। प्राचार्य द्वारा विजेता छात्राओं प्रथम कीर्ति, द्वितीय तन्वी गुप्ता, तृतीय दीक्षा और कंसोलेशन अंशु को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

शीघ्र हो शिकायतों का निपटारा: एसडीएम



महम। उपमंडलाधीश विपिन कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध उचित निपटारा करें। समाधान शिविर में प्राप्त 4 शिकायतों में से 2 शिकायतों का मौके पर निपटारा किया गया। विपिन कुमार अपने कार्यालय में नागरिकों की समस्याएं की सुनवाई कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार हर सोमवार एवं वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक उपमंडल मुख्यालय पर भी समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर प्राप्त हो रही शिकायतों के निपटारे की मौके पर प्रक्रिया शुरू कर रहे है।

शौरी मार्केट में पुलिस सहायता केंद्र शुरू



रोहतक। भिवानी स्टैंड स्थित शौरी मार्केट में आमजन की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रोहतक पुलिस सहायता केंद्र का शुभारंभ किया गया। पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित ने सहायता केंद्र का उद्घाटन किया। इस पहल पर शौरी क्लाथ मर्चेंट्स एसोसिएशन के सदस्यों और मार्केट के दुकानदारों ने पुलिस का आभार जताया। उद्घाटन के अवसर पर पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित ने कहा कि सहायता केंद्र शुरू करने का मुख्य उद्देश्य बाजार में आने वाले आमजन और दुकानदारों को बेहतर सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध करवाना है। इसके साथ ही जरूरत पड़ने पर लोगों को पुलिस सहायता आसानी से और कम समय में उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने कहा कि आमजन की सुरक्षा और सुविधा पुलिस की प्राथमिकता है। शौरी क्लाथ मर्चेंट्स एसोसिएशन के सदस्यों ने सहायता केंद्र के निर्माण और शुभारंभ पर खुशी व्यक्त की।

महापंचायत की तैयारियों का लिया जायजा



रोहतक। ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन की प्रदेश कमेटी की सोमवार को बलवंत भवन में बैठक हुई। इसमें 26 अक्टूबर को नांदल भवन, बोहर में होने वाली प्रदेश स्तरीय किसान, मजदूर, छात्र, युवा और महिला महापंचायत की तैयारियों की समीक्षा की गई। अध्यक्षता किसान नेता अनूप सिंह मातनहेल ने की और संचालन जयकरण मांडौठी ने किया। संगठन ने संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर गांवों में जनसभाएं कर दिल्ली आंदोलन के 736 शहीद किसानों को श्रद्धांजलि देने और सिंघु व टिकरी बॉर्डर पर शहीद स्मारक के लिए सरकार से निशुल्क जमीन उपलब्ध कराने की मांग के प्रस्ताव पारित करने का निर्णय लिया। जनसभाओं के माध्यम से 26 अक्टूबर की महापंचायत में भागीदारी का आह्वान भी किया जाएगा। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यवान ने कहा कि महापंचायत में किसान, मजदूर, शिक्षा, रोजगार, श्रम कानून और एसआईआर के मुद्दे उठाए जाएंगे। महापंचायत को शंकर घोष, अरुण कुमार सिंह, गुरजीत कौर, अर्थशास्त्री अरुण कुमार संबोधित करेंगे।

एमडीयू में देर रात हॉस्टल में चीफ वार्डन की रेड पर हंगामा



रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) परिसर में उस समय अफरातफरी मच गई जब चीफ वार्डन द्वारा देर रात हॉस्टल में औचक निरीक्षण (रेड) किया गया। इस कार्रवाई के विरोध में आक्रोशित छात्र लामबंद हो गए और भारी विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया, जिसके चलते चीफ वार्डन को मौके से वापस लौटना पड़ा। छात्रों का गुस्सा यहीं नहीं थमा। वे हॉस्टल गेट पर प्रदर्शन करने के बाद सीधे कुलपति (वीसी) आवास के बाहर पहुंच गए और नारेबाजी की। बढ़ते तनाव को देखते हुए कुलसचिव तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने छात्रों से बातचीत कर स्थिति को संभाला और आश्वासन दिया कि भविष्य में रात आठ बजे के बाद हॉस्टल में इस तरह की कोई रेड नहीं की जाएगी। कुलसचिव के इस आश्वासन के बाद छात्रों ने प्रदर्शन समाप्त किया।

छात्रों के विरोध के बाद वापस लौटे चीफ वार्डन, कुलसचिव के आश्वासन के बाद ही माने विद्यार्थी, ख़त्म किया प्रदर्शन

महम में 2821 नो मैपिंग मामलों की सुनवाई बाकी, 28 तक दस्तावेज जमा कराने की अपील

महम। एसआईआर-2026 के तहत महम विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची के नो मैपिंग मामलों की जांच का काम 92 प्रतिशत पूरा हो चुका है। विधानसभा क्षेत्र में कुल 32,220 मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए थे। इनमें से 29,451 मामलों की सुनवाई पूरी हो चुकी है, जबकि 2,821 मामले अभी शेष हैं। प्रशासन ने इन मतदाताओं से 28 अक्तूबर तक जरूरी दस्तावेज संबंधित बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) को उपलब्ध कराने की अपील की है। प्रशासनिक समीक्षा में सामने आया है कि नो मैपिंग वाले कई मतदाताओं ने अभी तक आवश्यक दस्तावेज जमा नहीं कराए हैं। ऐसे में संबंधित मतदाताओं को अपने मताधिकार को लेकर प्रक्रिया पूरी करने के लिए निर्धारित समय में दस्तावेज उपलब्ध कराने होंगे। शेष मामलों में प्रशासन की ओर से मुनादी भी करवाई जा चुकी है, ताकि संबंधित मतदाताओं तक सूचना पहुंच सके। महम के एसडीएम ने मतदाताओं से कहा है कि नो मैपिंग के संबंध में नोटिस प्राप्त करने वाले लोग तुरंत अपने संबंधित बीएलओ से संपर्क करें। चुनाव आयोग की ओर से निर्धारित 11 दस्तावेजों में से उपलब्ध जरूरी दस्तावेज बीएलओ को दिए जा सकते हैं। इनमें मूल निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र और शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र आदि शामिल हैं। प्रशासन के अनुसार दस्तावेज उपलब्ध होने के बाद संबंधित मामले की निर्धारित प्रक्रिया के तहत जांच की जाएगी।

रोमेश विग के जन्मदिवस और माइक्रोन फाउंडेशन डे पर लगाया रक्तदान शिविर



रोहतक। माइक्रोन परिवार ने सोमवार को कंपनी के संस्थापक एवं फास्टनर मैन ऑफ इंडिया के नाम से प्रसिद्ध रोमेश विग के जन्मदिवस तथा माइक्रोन फाउंडेशन डे को उत्साह और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना के साथ मनाया। इस विशेष अवसर पर कंपनी परिसर में एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कर्मचारियों, सहयोगियों एवं अन्य प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रक्तदान शिविर का उद्देश्य समाज के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को सशक्त बनाना तथा जरूरतमंदों की सहायता के लिए लोगों को प्रेरित करना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। इस अवसर पर कर्मचारियों के लिए सांस्कृतिक एवं मनोरंजक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। संगीत, नृत्य और विभिन्न प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। साथ ही सभी कर्मचारियों एवं अतिथियों के लिए विशेष भोज की व्यवस्था की गई, जिससे सभी ने मिलकर इस महत्वपूर्ण दिन का आनंद लिया। अपने विचार साझा करते हुए रोमेश विग ने कहा कि माइक्रोन की निरंतर प्रगति का आधार उसकी समर्पित टीम, मजबूत मूल्य और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना है। यह आयोजन माइक्रोन की विकास यात्रा, सामाजिक सरोकारों और सामूहिक सफलता के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा।

खरीफ फसल खरीद की शर्तों के खिलाफ किसान सभा ने सौंपा ज्ञापन

रोहतक। खरीफ फसल खरीद में लागू शर्तों और मंडियों में किसानों को आ रही परेशानियों के विरोध में अखिल भारतीय किसान सभा की रोहतक जिला कमेटी ने सोमवार को रोहतक अनाज मंडी का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल ने किसानों से उनकी समस्याओं की जानकारी ली और मार्केट कमेटी सचिव दीपक लोहचाब के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। किसान सभा के जिला प्रधान सुनील मलिक ने कहा कि फसल पंजीकरण और सैटेलाइट सर्वे के आंकड़ों का मिलान नहीं होने से पंजीकरण करवाने वाले किसानों के गेट पास जारी नहीं हो रहे। इसके कारण उन्हें फसल बेचने के बजाय सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। सुनील मलिक ने कहा कि रोहतक में अभी धान की खरीद शुरू नहीं हुई है। मिलर के नहीं आने से खरीद प्रक्रिया रुकी हुई है। वहीं बाजरा एमएसपी से नीचे बिक रहा है और भावांतर के नाम पर किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। जिला उप प्रधान प्रीत सिंह ने कहा कि फसल कटाई के समय लगाई गई पाबंदी और प्रति एकड़ धान खरीद की सीमा किसानों के हित में नहीं है। इस मौके पर शमशेर भाली, सुंदर साहब और हरकिशन माडोदी सहित अन्य मौजूद रहे।





51वीं नेशनल योगासन चैंपियनशिप: हरियाणा के कई खिलाड़ियों ने फाइनल में बनाई जगह

रोहतक। योग फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में जयपुर में आयोजित 51वीं सब-जूनियर एवं जूनियर नेशनल योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप-2026 में हरियाणा के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विभिन्न आयु वर्गों के फाइनल राउंड में अपनी जगह पक्की कर ली है। हरियाणा स्टेट योगासन एसोसिएशन के मीडिया कोऑर्डिनेटर डॉ. जनक राज ने बताया कि 3 से 6 अक्टूबर तक चल रही इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर के लगभग 1050 प्रतिभागी ट्रेडिशनल, आर्टिस्टिक और रिदमिक योगासन स्पर्धाओं में दमखम दिखा रहे हैं। हरियाणा से फाइनल में पहुंचने वालों में बालिका वर्ग से कर्मदीप कौर, सिमरन दीप कौर, रीना, अवनी, शगुन फोगाट, अर्पिता तथा बालक वर्ग से परीक्षित, मनीष कुमार, शुभम और रश्मित शामिल हैं। इसके अलावा, रिदमिक पेयर में जतिन-उज्जवल तथा आर्टिस्टिक पेयर में भविष्य-उज्जवल की जोड़ी ने भी फाइनल राउंड के लिए क्वालीफाई किया है। एसोसिएशन के सचिव अरिंदम मित्रा ने खिलाड़ियों की सफलता पर खुशी जताते हुए फरीदाबाद में लगे सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर की मेहनत को सराहा। प्रतियोगिता के दौरान राजस्थान के उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा विजेताओं को सम्मानित करेंगे।

पं. नेकी राम शर्मा कॉलेज में हुई फोटोग्राफी प्रतियोगिता

रोहतक। पं. नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय, रोहतक के जंतु विज्ञान विभाग द्वारा विश्व पशु दिवस के उपलक्ष्य में 'फ्लोरा एवं फौना' विषय पर फोटोग्राफी प्रतियोगिता हुई। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सांगवान के नेतृत्व एवं विभागाध्यक्ष सुनीता बेरवाल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में भूगोल विभाग से डॉ. कुलदीप व डॉ. उर्मिल और वनस्पति विज्ञान विभाग से डॉ. रीटा शामिल रहीं। फ्लोरा फ्रोटोग्राफी' श्रेणी में लीना जैन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अंजलि एवं योगिता ने संयुक्त रूप से द्वितीय और श्याम पारीक ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं दूसरी ओर, 'फ्रोना फ्रोटोग्राफी' वर्ग में श्याम पारीक ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि श्वेता दूसरे और दिव्यांका तीसरे स्थान पर रहीं। इस अवसर पर डॉ. दीक्षा, डॉ. हरिओम, डॉ. देवेंद्र, डॉ. पिंकी, डॉ. रवीना, डॉ. शैली, डॉ. अमित, डॉ. तिलक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

रोटरी क्लब ने जरूरतमंद संस्थाओं को भेंट की तीन एंबुलेंस, चिकित्सा सेवाओं को मिलेगा बढ़ावा

रोहतक। रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3011 के सहयोग से सामाजिक और मानवीय सेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जरूरतमंद संस्थाओं को तीन एंबुलेंस समर्पित की गईं। यह पहल पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रवि गुगनानी और ए.के.एस. राजेश जैन के विशेष सहयोग से की गई है। इस अवसर पर आयोजित गरिमामयी कार्यक्रम में प्रसिद्ध उद्योगपति राजेंद्र बंसल, पूर्व महापौर मनमोहन गोयल और डॉ. परमानंद महाराज विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। ए.के.एस. राजेश जैन ने कहा कि एंबुलेंस जैसी आपातकालीन सुविधा सीधे आमजन के जीवन से जुड़ी है, जिससे जरूरतमंदों को समय पर अस्पताल पहुंचाने में बड़ी मदद मिलेगी। वितरण के तहत एक एंबुलेंस 'जन सेवा संस्थान', दूसरी 'कालिदास मंदिर (सांपला)' तथा



तीसरी एंबुलेंस 'महाराजा अग्रसेन सेवा सदन ट्रस्ट' को सौंपी गई।कार्यक्रम में रोटरी क्लब सफायर के प्रधान विजय तायल, रोटरी क्लब रोहतक सिटी के प्रधान विकास बंसल और रोटरी क्लब रोहतक के प्रधान डॉ. एस.एल. वर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सेवा की भावना को और मजबूत करते हैं।

खरीफ फसलों में नाशीजीव प्रबंधन पर दो दिवसीय कार्यक्रम शुरू



रोहतक। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के क्षेत्रीय केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र, फरीदाबाद की ओर से गांव गुढ़ाण में खरीफ फसलों में कीटनाशकों के सुरक्षित एवं विवेकपूर्ण उपयोग को लेकर दो दिवसीय अभिरुचि कार्यक्रम शुरू हुआ। इसमें करीब 40 किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम में किसानों को बीजोपचार, खरीफ फसलों व सब्जियों में रोगों और कीटों की पहचान, जैविक नियंत्रण, फेरोमोन ट्रैप तथा कीटनाशकों के सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी गई। किसानों को भारत सरकार के कृषि संबंधी मोबाइल ऐप की जानकारी देकर उसे डाउनलोड करवाया गया। बीजोपचार के लिए ट्राइकोडर्मा विरिडी फफूंदनाशक भी वितरित किया गया। वनस्पति संरक्षण अधिकारी डॉ. जमुना नेगी, सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी लक्ष्मीकांत, सुरजीत वर्मन और गौरव मौजूद रहे।



विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी में छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य पर किया जागरूक

रोहतक। सेवा संकल्प अभियान और मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह के तहत श्री विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी, पलवल में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में न्यूरोडेवलपमेंटल डिसऑर्डर, ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर, एडीएचडी और मानसिक बीमारियों से जुड़े सामाजिक कलंक पर विशेष फोकस रहा। कार्यक्रम में इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ, रोहतक की निदेशक-सह-सीईओ डॉ. सुजाता सेठी, पीजीआईएमएस रोहतक के मनोरोग विभाग की थर्ड ईयर जूनियर रेजिडेंट डॉ. ईरा और क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. जोगिंदर कैरो ने विद्यार्थियों के साथ संवाद किया और ऑटिज्म व एडीएचडी पर जानकारीपूर्ण सत्र लिया। उन्होंने ऑटिज्म और एडीएचडी के शुरुआती लक्षणों, शीघ्र पहचान और हस्तक्षेप के महत्व, प्रबंधन और न्यूरोडेवलपमेंटल डिसऑर्डर से पीड़ित व्यक्तियों और उनके परिवारों के सामने आने वाली चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की।

सुलह डॉक्टर ओपी चिटकारा ने टिप्पणी पर फिर से खेद जताया

सौहादपूर्ण माहौल में दोनों समाजों का भाईचारा कायम

जाट समाज पर टिप्पणी विवाद खत्म दोनो पक्षों के गिले शिकवे हुए दूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महम

महम के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर ओपी चिटकारा द्वारा जाट समाज पर की गई टिप्पणी मामले का सोमवार को अंत हो गया। दोनों पक्षों ने इस विवाद को अत्यंत सौहार्दपूर्ण वातावरण में सुलझा लिया । डॉक्टर चिटकारा का शहर में एक प्ले स्कूल भी है। उनकी यह टिप्पणी स्कूल के बच्चे के अभिभावक के साथ किसी मुद्दे पर हुई आपसी बहस में निकल गई थी। इस टिप्पणी के लिए डॉ. चिटकारा ने खेद प्रकट कर लिया था। इसके बाद सोमवार को भी इस मुद्दे पर महम के पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में महम चौबीसी सर्वखाप के मोखरा तपा के प्रधान रामकिशन मोखरा तथा अन्य प्रतिनिधियों के साथ महम के पंजाबी समुदाय के प्रतिनिधियों की एक बैठक हुई। इस बैठक में डॉ. चिटकारा ने एक बार फिर खेद व्यक्त किया। इस मौके पर रामकिशन मलिक, पूर्व पार्षद सोमनाथ गिरोत्रा, काला बहलबा, सतपाल अहलावत सरपंच, अश्वनी अहलावत, जगबीर पहलवान खरैंटी, संदीप राठी लाखन माजरा, पूर्व पार्षद सोमनाथ बजाज, भीष्म दुआ, डॉ रमेश रेल्हन,विजय चाबा, कालू रेल्हन, रामशरण तागरा, खरेती लाल टुटेजा व दोनों समाज के गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।



महम। एक दूसरे से गले मिलते वरिष्ठ चिकित्सक ओपी चिटकारा व मोखरा तपा के प्रधान रामकिशन मलिक।

खाप प्रतिनिधियों ने किया खेद व्यक्त का स्वागत

खाप प्रतिनिधियों ने भी डॉ. चिटकारा के खेद व्यक्त करने का स्वागत किया। यह बैठक अत्यंत शालीनता और सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई। बैठक के बाद रामकिशन मोखरा तथा डॉ. चिटकारा महम चौबीसी के ऐतिहासिक चबूतरे पर भी गए। यहां दोनों ने आपस में हाथ मिलाकर आपसी भाईचारे और सभी समाजों के मिलजुल कर रहने का सन्देश दिया। इस विवाद का समाप्त होने का दोनों पक्षों ने दिल से स्वागत किया है।

खबर संक्षेप

सांपला व महम में आज से लगेंगे सेवा सेतु शिविर

रोहतक। सेवा संकल्प अभियान के तहत सांपला और महम क्षेत्र में 6 से 15 अक्तूबर तक सेवा सेतु शिविर लगाए जाएंगे। इनमें पात्र लोगों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और विभागीय सेवाओं का लाभ दिलाने के लिए मौके पर पंजीकरण और अन्य प्रक्रिया पूरी की जाएगी। सोमवार को गांव बनियानी में सेवा सेतु शिविर आयोजित किया गया।

नेकीराम महाविद्यालय में लगा हेल्थ चेकअप कैंप

रोहतक। सेवा संकल्प अभियान के तहत पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में द्वारका स्थित वेंकटेश्वर हॉस्पिटल के सहयोग से एक व्यापक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय स्टाफ को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें निशुल्क/आवश्यक जांच सुविधाएं उपलब्ध कराना था।

विद्यार्थियों एवं स्टाफ के नेत्रों को जांचा

रोहतक। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, रोहतक में सोमवार को पुनः नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में संस्थान के विद्यार्थियों एवं स्टाफ के नेत्रों की जांच की गई तथा उन्हें नेत्रों की नियमित जांच, उचित देखभाल एवं स्वस्थ जीवनशैली के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान की गई।

सरकार भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाए : अमन वशिष्ठ

रोहतक। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया पैनलिस्ट अमन वशिष्ठ ने हरियाणा सरकार पर बेरोजगारी को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवा सरकारी भर्तियों और नियुक्तियों के इंतजार में धरने देने को मजबूर हैं। सरकार को पारदर्शी और समयबद्ध भर्ती कैलेंडर जारी कर ग्रुप-सी व ग्रुप-डी की लंबित भर्तियां पूरी करनी चाहिए तथा ग्रुप-ए व ग्रुप-बी में भी नई भर्तियां निकालनी चाहिए।

एशियन गेम्स में प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन

कांस्य जीतकर लौटे सुनील, ढोल-नगाड़ों के साथ किया स्वागत

मेहर सिंह अखाड़े में कोच रणबीर ढाका से सीख रहे कुश्ती के दांव-पेच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एशियाई खेलों (एशियन गेम्स) में देश के लिए कांस्य पदक जीतकर रोहतक और हरियाणा का नाम रोशन करने वाले स्टार ग्रीको-रोमन पहलवान सुनील का सोमवार को वतन लौटने पर जोरदार स्वागत किया गया। दिल्ली एयरपोर्ट पर उनके पहुंचते ही खेल प्रेमियों, परिजनों और समर्थकों का तांता लग गया। ढोल-नगाड़ों की गूंज और फूलों की वर्षा के साथ अपने लाडले पहलवान का भव्य स्वागत किया गया। मूलरूप से सोनीपत जिले के रहने वाले पहलवान सुनील वर्तमान में कुश्ती की बारीकियां सीखने के लिए रोहतक के प्रसिद्ध मेहर सिंह अखाड़े में अभ्यास कर रहे हैं। वह यहां जाने-माने कोच रणबीर ढाका के मार्गदर्शन में कड़ी पसीना बहा रहे हैं।



यह सफलता वर्षों की कड़ी मेहनत का परिणाम

पहलवान सुनील की इस शानदार उपलब्धि पर उनके गुरु एवं कोच रणबीर ढाका ने गर्व व्यक्त करते हुए कहा, सुनील की यह सफलता उसकी वर्षों की कड़ी मेहनत, अटूट अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश के लिए पदक जीतना कोई आसान काम नहीं है, लेकिन सुनील ने अपनी आक्रामक रणनीति और दमखम से यह साबित कर दिया कि हरियाणा के पहलवानों में अदम्य इच्छाशक्ति होती है।

ऐतिहासिक उपलब्धि

रणबीर ढाका ने ने कहा कि मैट पर उसने जिस प्रकार का प्रदर्शन किया है, वह आने वाली युवा पीढ़ी के खिलाड़ियों के लिए एक मिसाल है। रोहतक का मेहर सिंह अखाड़ा हमेशा से देश को दिग्गज पहलवान देता रहा है। कोच रणबीर ढाका के कुशल प्रशिक्षण में यहाँ के युवा खिलाड़ी मिट्टी से लेकर मैट तक कुश्ती के दांव-पेच सीखकर वैश्विक पटल पर तिरंगा लहरा रहे हैं। सुनील का यह कांस्य पदक न केवल मेहर सिंह अखाड़े बल्कि पूरे रोहतक और सोनीपत क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।

स्वर्ण पदक विजेता प्रवीण और दीपिका सहरावत का जिला परिषद चेयरपर्सन मंजू हुड्डा ने किया स्वागत



रोहतक। एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन करने वाली स्वर्ण पदक विजेता मुक्केबाज प्रवीण हुड्डा और हॉकी खिलाड़ी दीपिका सहरावत का जिला परिषद चेयरपर्सन मंजू हुड्डा ने जोरदार स्वागत किया। चेयरपर्सन मंजू हुड्डा ने बॉक्सर प्रवीण हुड्डा के पैतृक गांव रुड़की और हॉकी खिलाड़ी दीपिका सहरावत के गांव भैंसरु खुर्द पहुंचकर दोनों अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार की खेल नीति से प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को बेहतरीन अवसर और सुविधाएं मिल रही हैं। आज प्रदेश की बेटियां हर क्षेत्र में परचम लहरा रही हैं। इस दौरान कुलदीप मंडल अध्यक्ष, कपिल खत्री, जितेंद्र कौशिक, राज सिंह अंबेडकर, एडवोकेट कविता शर्मा और जिला पार्षद सुमन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

शिक्षा भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुए मुकाबले

स्टेट जूनियर सॉफ्टबॉल स्पर्धा में बालक वर्ग में रोहतक प्रथम

फतेहाबाद द्वितीय और हिसार तृतीय स्थान पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शिक्षा भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 21वीं हरियाणा राज्य जूनियर (लड़के-लड़कियां) सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता का शानदार समापन हुआ। 3-4 अक्टूबर 2026 को आयोजित इस प्रतियोगिता में हरियाणा भर की टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरियाणा पिछड़ा वर्ग की वाइस चेयरमैन रेणु डाबला ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

युवाओं को देश सेवा की शपथ दिलाई

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खेलेगा इंडिया, बढ़ेगा इंडिया नारे के साथ युवाओं को देश सेवा की शपथ दिलाई। साथ ही स्वच्छता अपनाने, नशे से दूर रहने, पेड़-पौधे लगाने और बुजुर्गों की मदद करने का आह्वान किया। बालक वर्ग में रोहतक प्रथम, फतेहाबाद द्वितीय और हिसार तृतीय स्थान पर रहा। बालिका वर्ग में फतेहाबाद प्रथम, रोहतक द्वितीय और हिसार तृतीय स्थान पर रहा। इस अवसर पर रमेश चेची, राजेश सैनी, चंद्र मोहन, उमेश, रविंदर, चिराग, जोगिंदर सैनी, सह-सचिव कुलदीप, आशीष, अंशुल, नितिका और कमल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

दयाल सिंह स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत की दर्ज

सीबीएसई नेशनल लॉन टेनिस चैंपियनशिप



रोहतक। दयावती मोदी अकादमी (पूर्व में द स्टार ग्लोबल स्कूल), रोहतक में आयोजित सीबीएसई नेशनल लॉन टेनिस चैंपियनशिप 2026-27 में सोमवार को देश-विदेश से आए खिलाड़ियों के बीच शानदार मुकाबले देखने को मिले। प्रतियोगिता में भारत के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ दुबई एवं मस्कट (ओमान) की टीमों ने भी भाग लेकर आयोजन को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप प्रदान किया है। अंडर-14 वर्ग के लीग मुकाबलों में दयाल सिंह स्कूल, करनाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की, जबकि डीपीएस आर.के. पुरम, दिल्ली ने भी अपने मैच में विजय प्राप्त की। पूल-सी में रामाग्या स्कूल, नोएडा और कमला निकेतन, त्रिची ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर अगले दौर की ओर मजबूत कदम बढ़ाए। वहीं पूल-डी में डीपीएस इलेक्ट्रॉनिक सिटी, बेंगलुरु तथा बाल भारती स्कूल, नोएडा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। पूल-ए में शंकरा विद्यालय, करूर (तमिलनाडु) और डीपीएस दोसोमरसांद्रा, आंध्र प्रदेश ने अपने शुरुआती मुकाबले जीतकर अंक तालिका में बढ़त बनाई। दूसरी ओर दिल्ली प्राइवेट स्कूल, दुबई और इंडियन स्कूल, मस्कट ने भी कड़ी चुनौती पेश की तथा खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया।

यूथ टेस्ट मैच के पहले दिन भारत का शिकंजा

तन्मय की फिरकी में उलझा ऑस्ट्रेलिया



रोहतक। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले जा रहे दूसरे यूथ टेस्ट मैच के पहले दिन भारतीय अंडर-19 टीम ने अपना शिकंजा कस लिया है। इस मुकाबले के मुख्य आकर्षण रोहतक युवा गेंदबाज तन्मय बलोदा रहे, जिनकी कातिलाना गेंदबाजी के आगे ऑस्ट्रेलियाई टीम घुटने टेकने पर मजबूर हो गई। तन्मय की फिरकी में उलझा ऑस्ट्रेलियाटॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी भारतीय टीम के लिए तन्मय बलोदा काल बनकर आए। उन्होंने अपनी घातक और सधी हुई गेंदबाजी से कंगारू बल्लेबाजों को टिकने का कोई मौका नहीं दिया। बलोदा ने अपने शानदार कोटे में कहर बरपाते हुए मात्र 32 रन देकर 6 महत्वपूर्ण विकेट झटके। इस दौरान उन्होंने गजब की सटीकता दिखाते हुए 11 मेडन ओवर भी फेंके। उनकी इस फिरकी और धारदार आक्रमण के आगे ऑस्ट्रेलिया के मध्यक्रम और निचले क्रम के बल्लेबाज पूरी तरह बिखर गए।

रोहतक की बेटी पावनी ने जीता गोल्ड

रोहतक। कुरुक्षेत्र के द्रोणाचार्य स्टेडियम में 02 से 04 अक्टूबर 2026 तक आयोजित 39वीं जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रोहतक की बेटी पावनी ने शानदार प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीता है। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में गाँव काहनीपावनी ने अंडर-14 आयु वर्ग के ट्रायथलॉन-बी मुकाबले में प्रथम स्थान हासिल किया। अपनी इस ऐतिहासिक जीत के बाद अब पावनी आगामी 23 से 27 अक्टूबर 2026 तक चेन्नई में होने वाली राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हरियाणा राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी। उनकी इस सफलता से परिवार और पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है।



शिक्षक केवल ज्ञानदाता नहीं एकेडमिक लीडर बनें: पूनिया



रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के यूजीसी-मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर (एमएमटीटीसी) के तत्वावधान में डीएवी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, फरीदाबाद के सहयोग से लीडरशिप कॉम्पिटेंसीज : एन्हान्सिंग एक्सीलेंस इन हायर एजुकेशन' विषय पर सात दिवसीय यूजीसी फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू हुआ। इसमें 22 राज्यों से करीब 160 शिक्षक ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से भाग ले रहे हैं।

कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि कक्षा में खड़ा प्रत्येक शिक्षक एक एकेडमिक लीडर है। उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता केवल शैक्षणिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके लिए शिक्षकों में प्रभावी नेतृत्व क्षमता और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दृष्टि जरूरी है।

प्रो. मिलाप पूनिया ने कहा कि आज के दौर में केवल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से काम नहीं चलेगा। तकनीकी दक्षता के साथ सोशल इंटेलिजेंस, मानवीय संवेदनशीलता, संवाद कौशल, टीमवर्क और दूसरों को समझने की क्षमता भी उतनी ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को तकनीक के साथ मानवीय मूल्यों से भी जोड़ें और उनमें नेतृत्व, नवाचार, समस्या समाधान, आलोचनात्मक चिंतन तथा सामाजिक व्यवहार जैसे कौशल विकसित करें।कुलपति ने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान के प्रदाता न बनें, बल्कि मेंटर, फैसिलिटेटर और परिवर्तन के नेतृत्वकर्ता की भूमिका निभाएं।

रोहतक के खिलाड़ियों ने 15 पदक जीते

39वीं हरियाणा स्टेट जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



थलेटिक्स हरियाणा के तत्वावधान में कुरुक्षेत्र के द्रोणाचार्य स्टेडियम में 2 से 4 अक्टूबर तक आयोजित 39वीं हरियाणा स्टेट जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का शानदार समापन हो गया। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में प्रदेश के 21 जिलों से आए 353 युवा खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सत्यवीर धनखड फरीदाबाद मीडिया प्रभारी खेल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में प्रदेश के 21 जिलों के खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया। इसमें रोहतक के खिलाड़ियों ने 15 पदक जीते। प्रदीप मलिक महासचिव एथलेटिक्स हरियाणा ने बताया कि हरियाणा राज्य जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप कुरुक्षेत्र में जिलेवार पदक तालिका में भिवानी जिला 60 पदक (26 स्वर्ण, 20 रजत, 14 कांस्य) जीतकर ओवरऑल चैंपियन बना।

फतेहाबाद ने जीते 42 पदक

दूसरे स्थान पर फतेहाबाद रहा जिसने कुल 42 पदक (14 स्वर्ण, 15 रजत, 13 कांस्य) जीते। तीसरे स्थान पर हिसार रहा जिसने 37 पदक (13 स्वर्ण, 16 रजत, 8 कांस्य) पर कब्जा किया। सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि इस प्रतियोगिता से नेशनल जूनियर चैंपियनशिप के लिए हरियाणा टीम का चयन किया जाएगा। सभी पदक विजेताओं को एथलेटिक्स हरियाणा के द्वारा सम्मानित किया गया।

जिलेवार पदक तालिका : भिवानी-60, फतेहाबाद-42, हिसार-37, जींद-32, झज्जर-26, सोनीपत-23, पानीपत-22, फरीदाबाद-17, चरखी दादरी-16, महेंद्रगढ़-15, रोहतक-15, कैथल-11, रेवाड़ी-8, सिरसा-7, गुरुग्राम-6, करनाल-5, अंबाला-4, कुरुक्षेत्र-3, पंचकूला-2, यमुनानगर-1, पलवल-1ने एक पदक जीता।

बीएमयू में स्वयं और एनपीटीईएल पाठ्यक्रमों पर जागरूकता कार्यशाला



रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय (बीएमयू) के मानविकी संकाय में 'मुक्त ऑनलाइन पाठ्यक्रम, स्वयं तथा एनपीटीईएल' विषय पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. प्रदीप शर्मा ने कहा कि ऑनलाइन पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को नियमित पढ़ाई के साथ अतिरिक्त ज्ञान और कौशल हासिल करने का सुनहरा अवसर देते हैं। मानविकी संकायाध्यक्ष डॉ. ब्रह्म प्रकाश ने बदलते शैक्षणिक परिवेश में इनके व्यावसायिक महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में अकादमिक डीन डॉ. नवीन कपिल ने एनपीटीईएल पाठ्यक्रमों के चयन, अध्ययन सामग्री और परीक्षा प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। वहीं, स्वयं प्रकोष्ठ की नोडल अधिकारी डॉ. संगीता मलिक ने स्वयं पोर्टल पर नामांकन और इसके लाभों से प्रतिभागियों को अवगत कराया। राजनीति विज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ. बबीता देवी ने कार्यक्रम का सफल संयोजन किया, जबकि डॉ. मंजीत कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

न्यूज डायरी

एमडीयू में कौशल विकास कार्यशालाएं शुरू

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल ने महिंद्रा प्राइड क्लासरूम एवं नंदी फाउंडेशन के सहयोग से विद्यार्थियों के लिए कौशल विकास कार्यशालाओं की शुरुआत की। कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशंस, विधि, आईएचटीएम और बॉटनी विभाग में आयोजित कार्यशालाओं में विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास, प्रभावी संवाद, आत्मविश्वास, प्रोफेशनल व्यवहार और रोजगारपरक कौशल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विशेषज्ञ प्रशिक्षकों ने इंटरैक्टिव सत्रों, व्यावहारिक अभ्यास और समूह गतिविधियों के जरिए कार्यस्थल के लिए जरूरी कौशल समझाए। सेल की निदेशक प्रो. दिव्या मल्हान ने कहा कि प्रतिस्पर्धी दौर में शैक्षणिक ज्ञान के साथ इंडस्ट्री आधारित कौशल भी जरूरी हैं।

जूडो स्पर्धा में छाई सांगवान स्कूल की समीक्षा

रोहतक। सांगवान इंटरनेशनल स्कूल की कक्षा आठवीं की प्रतिभावान छात्रा समीक्षा ने सीबीएसई द्वारा आयोजित पाँच दिवसीय राष्ट्रीय जूडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। समीक्षा की इस उल्लेखनीय सफलता पर विद्यालय प्रबंधन राजेश सांगवान, प्राचार्या मनीषा सांगवान, समन्वयक परमिला सांगवान व उप प्रधानाचार्या ऋतु विज ने विजेता छात्रा समीक्षा, उनके अभिभावकों तथा प्रशिक्षकों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की व आगामी प्रतिस्पर्धाओं के लिए शुभ आशीष दी।



करियर के नए अवसरों की दी जानकारी

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के विधि विभाग में महिंद्रा एंड महिंद्रा की सीएसआर पहल के तहत छह दिवसीय करियर काउंसलिंग कार्यशाला शुरू हुई। इस कार्यशाला का आयोजन करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सहयोग से किया जा रहा है। उद्घाटन सत्र में विशेषज्ञ रविंदर पॉल सिंह ने विद्यार्थियों को न्यायपालिका, वकालत, कॉरपोरेट लॉ, विधिक सेवाओं और प्रतियोगी परीक्षाओं में करियर की संभावनाओं की जानकारी दी। उन्होंने रिज्यूमे बनाने, इंटरव्यू की तैयारी, प्रभावी इंटर्नशिप और प्रोफेशनल प्रोफाइल विकसित करने के टिप्स दिए।



अर्थशास्त्र प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाया हुनर

रोहतक। राजकीय महिला महाविद्यालय रोहतक के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा अर्थशास्त्र से जुड़े विभिन्न समसामयिक और पारंपरिक विषयों पर एक आकर्षक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर अपनी कला और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान छात्राओं ने अर्थशास्त्र का प्रारंभिक युग, कृषि व्यवसाय, बैंकिंग सिस्टम और जलवायु परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर बेहतरीन पोस्टर बनाए। अपनी कला के माध्यम से उन्होंने आर्थिक और सामाजिक मुद्दों को बेहद प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।



रिटौली गांव में रोमांचक खेलकूद प्रतियोगिता, खिलाड़ियों ने जीता दर्शकों का दिल

अंडर-17 बालिका रिले रेस में कसरेटी की पायल अनिका और चिंकी ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रिटौली गांव में हाल ही में एक रोमांचक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न गांवों के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने अपनी खेल कला का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीत लिया। इस प्रतियोगिता में कई आयु वर्ग के बच्चों ने भाग लिया और अपनी ऊर्जा से पूरे माहौल को खेलमय बना दिया। अंडर-17 बालिका रिले रेस में कसरेटी की पायल, अनिका और चिंकी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। निंदाना की टीम द्वितीय और हथवाला की टीम तृतीय स्थान पर रही। अंडर-17 बालक रिले रेस में पानीपत के हिमांशु, वंश और नवीन की टीम ने बाजी मारते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। बालंद द्वितीय और सुंडाना तृतीय स्थान पर रहा।



लंबी कूद में पायल प्रथम

लंबी कूद में अंडर-14 बालिका वर्ग में निंदाना की पायल ने प्रथम, कसरेटी की समीक्षा ने द्वितीय और डीघल की तृषा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, अंडर-17 बालक वर्ग में बालंद के युवराज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया, जबकि पानीपत के विनय और हिमांशु क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। समारोह के अंत में सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस प्रकार के आयोजनों से ग्रामीण अंचल की खेल प्रतिभाओं को एक बेहतर मंच मिल रहा है। इस अवसर पर तेजिंदर, मुकेश, विकास मास्टर, अरूण कोच, अमित कोच, सुनील डीपी, वेदप्रकाश, आदि समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।



अब ब्रेस्ट निकाले बिना ही हो रहे कैंसर के ऑपरेशन

पीजीआई में दिल्ली जैसी आधुनिक जांच और उपचार सुविधाएं उपलब्ध

गांठ, आकार में बदलाव या असामान्य स्राव को नजरअंदाज न करें, केमिकल, बदलती जीवनशैली और शादी में देरी भी है जिम्मेदार

- ढाई साल में 200 ऑपरेशन, 180 में ब्रेस्ट बचाने में मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

जिस उम्र में महिलाएं अपने करियर और परिवार की नई शुरुआत के सपने देख रही होती हैं, उस उम्र में कुछ को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझना पड़ रहा है। ब्रेस्ट कैंसर अब केवल अधिक उम्र की महिलाओं की बीमारी नहीं रह गया है। पीजीआईएमएस रोहतक में इलाज के लिए पहुंच रहे मामलों में कम उम्र की पांच महिलाओं में भी ब्रेस्ट कैंसर के मामले सामने आ रहे हैं। इनमें 25 से 30 वर्ष की महिलाओं को सर्जरी तक करवानी पड़ी है। चिकित्सकों के अनुसार कम उम्र में सामने आने वाले कई मामलों में कैंसर का स्वरूप अधिक एग्रेसिव पाया जा रहा है। इसके पीछे जेनेटिक कारण भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। पीजीआईएमएस के सर्जरी विभाग की सीनियर प्रोफेसर डॉ. नित्याशा ने विशेष बातचीत में बताया कि हर माह करीब 50 ब्रेस्ट कैंसर से पीड़ित महिलाएं उपचार के लिए पहुंच रही हैं। इनमें कम उम्र की महिलाओं की संख्या भी चिंता बढ़ाने वाली है। पिछले ढाई साल के दौरान पीजीआईएमएस में ब्रेस्ट कैंसर की करीब 200 सर्जरी की जा चुकी हैं। इनमें लगभग 180 ऑपरेशन ऐसे रहे, जिनमें मरीज की ब्रेस्ट को बचाने में सफलता मिली। सर्जरी के दौरान केवल उस हिस्से को हटाया गया, जिसमें कैंसर था।

जेनेटिक कारणों से भी बढ़ रहे ब्रेस्ट कैंसर



डॉ. नित्याशा

डॉ. नित्याशा के अनुसार पिछले समय में 30 साल से कम उम्र की करीब पांच महिलाओं को ब्रेस्ट कैंसर के कारण सर्जरी करवानी पड़ी। कम उम्र में कैंसर का सामने आना चिकित्सकों के लिए भी गंभीर चिंता का विषय है। ऐसे मामलों में बीमारी कई बार अधिक आक्रामक रूप में सामने आती है। इसमें कई मामले जेनेटिक भी थे। उन्होंने बताया कि कुछ महिलाओं में परिवार में कैंसर का इतिहास और जेनेटिक कारण जोखिम बढ़ाने वाले कारकों में शामिल हो सकते हैं। साथ ही कैमिकल, बदलती लाइफ स्टाइल और शादी में देरी भी जिम्मेदार है।

हेल्थ अलर्ट

कैंसर को निकाल कर सिलिकॉन का प्रयोग किया

ब्रेस्ट कैंसर के उपचार के लिए अब मरीजों को दिल्ली के बड़े अस्पतालों की ओर जाने की जरूरत नहीं है। पीजीआईएमएस में आधुनिक तकनीक और विशेषज्ञ चिकित्सकों की मदद से ब्रेस्ट कैंसर की जांच, सर्जरी और उपचार की सुविधाएं उपलब्ध हैं। चिकित्सकों का प्रयास रहता है कि जहां संभव हो, कैंसर प्रभावित हिस्से को निकालकर ब्रेस्ट को सुरक्षित रखा जाए। कैंसर को निकाल कर सिलिकॉन का प्रयोग किया गया। इससे मरीज के उपचार के साथ उसकी शारीरिक और मानसिक स्थिति को भी बेहतर बनाए रखने में मदद मिलती है।

असामान्य लक्षण को छिपाने या टालने के बजाय जांच करवाएं

चिकित्सकों का कहना है कि ब्रेस्ट में किसी प्रकार की गांठ, आकार में बदलाव, निप्पल से असामान्य स्राव या त्वचा में बदलाव को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। हर गांठ कैंसर नहीं होती, लेकिन इसकी जांच करवाना जरूरी है। खासकर कम उम्र की महिलाओं में भी यदि कोई असामान्य बदलाव लगातार बना रहता है तो चिकित्सकीय सलाह लेनी चाहिए। डॉ. नित्याशा ने कहा कि ब्रेस्ट कैंसर से बचाव और समय पर उपचार के लिए जागरूकता बेहद जरूरी है। बीमारी जितनी जल्दी पकड़ में आती है, उपचार के विकल्प उतने ही बेहतर रहते हैं। महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए और किसी भी असामान्य लक्षण को छिपाने या टालने के बजाय समय पर चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए।

महिलाएं खुद अपनी गांठ की जांच करें

महिलाएं खुद अपनी गांठ की जांच करें। शरीर में किसी बदलाव को हलके में न लें। पहली स्टेज पर चिकित्सक के पास पहुंचने वाले मरीज उपचार के बाद स्वस्थ्य लाइफ जी सकते हैं। दूसरी, तीसरी स्टेज में आने वाले मरीजों को जोखिम ज्यादा हो जाता है।

मामले बढ़े, मौत घटी

देश में 2022 में करीब एक लाख 90 हजार मामले सामने आए थे, जिनमें 51 प्रतिशत मौतें हुई। लेकिन 2024 में 2 लाख 30 हजार मामले आए, जिनमें से मौत के आंकड़े कम हो गए। इस बार केवल 41 प्रतिशत मौतें हुई।



हाइटेंशन लाइन के मुआवजे को लेकर लामबंद हुए किसान

रोहतक। हाइटेंशन बिजली लाइनों के लिए जमीन अधिग्रहण और राइट ऑफ वे के मुआवजे को लेकर प्रदेशभर के किसान लामबंद हो रहे हैं। विभिन्न जिलों से किसान प्रतिनिधि सोमवार को रोहतक में आयोजित बैठक में पहुंचे। किसानों ने आरोप लगाया कि पावर ग्रिड और प्रशासन के अधिकारियों तथा भूमि मूल्य निर्धारित करने वालों की प्रक्रिया के कारण उन्हें जमीन का वास्तविक मूल्य नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में राइट ऑफ वे का मुआवजा 30 से बढ़ाकर 60 प्रतिशत करने की मांग की।किसान प्रतिनिधियों ने कहा कि 2 जून 2025 की नीति में जमीन के वास्तविक मूल्य के आधार पर मुआवजे का प्रावधान था। उनके अनुसार 30 जनवरी 2026 की नई नीति के बाद भूमि मूल्य निर्धारण की प्रक्रिया बदली गई और लॉटरी से भूमि मूल्य की रिपोर्ट तैयार की जाती है। बैठक में 29 नवंबर को रोहतक में महापंचायत करने का निर्णय लिया गया। 8 अक्टूबर को पानीपत, 9 को पलवल, 12 को करनाल और 13 अक्टूबर को फरीदाबाद में किसान महासभाएं होंगी।

- 29 नवंबर को रोहतक में होगी प्रदेशस्तरीय महापंचायत

21.27 करोड़ से 3.79 किमी लंबे कॉरिडोर का बदलेगा स्वरूप

अब बनेगी ग्रीन बेल्ट, चौराहों का होगा सौंदर्यीकरण, पार्किंग भी बनेगी

- एलिवेटेड रेलवे ट्रैक के नीचे तीन करोड़ से विकसित होगी ग्रीन बेल्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

गांधी कैंप के एलिवेटेड रेलवे ट्रैक के साथ सड़क निर्माण पूरा होने के बाद इसे शहर के नए आकर्षण के रूप में विकसित किया जाएगा। ट्रैक के नीचे ग्रीन बेल्ट विकसित करने के लिए कार्य शुरू कर दिया गया है। इसके साथ ही सड़क के प्रमुख चौराहों का सौंदर्यीकरण किया जाएगा और कैंप में पार्किंग की योजना जल्द पूरी की जाएगी। इसके लिए अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण कर कार्य शुरू कर दिया है। लेकिन इस सड़क से बजरंग भवन के पास अभी बेरिकेड नहीं हटाए गए हैं, जिससे वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। अधिकारियों के अनुसार काम पूरा होने के बाद यह मार्ग शहर के प्रमुख कनेक्टिविटी कॉरिडोर के साथ-साथ हरित और व्यवस्थित क्षेत्र के रूप में विकसित होगा। गोहाना-रोहतक रेलवे ट्रैक को हटाकर करीब सात मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण किया गया है। सड़क के साथ एलिवेटेड ट्रैक के नीचे ग्रीन बेल्ट विकसित करने पर करीब तीन करोड़ रुपये खर्च होंगे। ग्रीन बेल्ट विकसित होने से सड़क के दोनों ओर के क्षेत्र का सौंदर्यीकरण होगा और लोगों को बेहतर वातावरण भी मिलेगा।



सात मीटर चौड़ी सड़क बनाई गई

गोहाना-रोहतक रेलवे ट्रैक हटाकर करीब सात मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण किया गया है। सड़क के साथ एलिवेटेड ट्रैक के नीचे करीब तीन करोड़ रुपये से ग्रीन बेल्ट विकसित की जाएगी, जिससे क्षेत्र का सौंदर्यीकरण होने के साथ लोगों को बेहतर वातावरण मिलेगा। नई सड़क से गांधी कैंप, झंग कॉलोनी, मानसरोवर कॉलोनी, सुभाष नगर, किशनपुरा, मॉडल टाउन, लक्ष्मी नगर, कबीर कॉलोनी, विशाल नगर तथा सेक्टर-5 और सेक्टर-6 के लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी मिल रही है।

हजारों लोगों को मिलेगी कनेक्टिविटी

परियोजना के लिए 6 दिसंबर 2023 को 21.27 करोड़ रुपये की प्रशासनिक मंजूरी दी गई थी। प्रस्तावित सड़क की लंबाई करीब 3.79 किलोमीटर और चौड़ाई 5.5 मीटर निर्धारित की गई थी। परियोजना का उद्देश्य चिन्योत कॉलोनी से सेक्टर-6 तक रहने वाले हजारों लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी देना था। बाद में सड़क निर्माण के लिए रेलवे को करीब 18 करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध कराई गई। अब सड़क के साथ ग्रीन बेल्ट और चौराहों के सौंदर्यीकरण की योजना से इस पूरे कॉरिडोर का स्वरूप बदलने की तैयारी है।

फेसबुक पर परिचित बनकर सस्ता सामान बेचने का झांसा, 1.05 लाख ठगे

आईआरएस अधिकारी के नाम से फर्जी आईडी बनाकर भेजा मैसेज

- क्यूआर कोड भेजकर दो दोस्तों से 20 और 85 हजार रुपये करवाए ट्रांसफर
- असली परिचित से बात हुई तो साइबर ठगी का हुआ खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

फेसबुक पर किसी परिचित के नाम से आया एक मैसेज रोहतक के सुंडाना निवासी व्यक्ति को ऐसा भारी पड़ा कि सस्ता सामान खरीदने के चक्कर में उसके 1 लाख 5 हजार रुपये चले गए। ठग ने पहले फेसबुक पर कथित तौर पर आईआरएस अधिकारी विकास सांगवान के नाम से बनी आईडी से संपर्क किया और व्हाट्सऐप नंबर मांगा। इसके बाद खुद को परिचित बताकर सीआरपीएफ कमांडेंट के पास सस्ता घरेलू और इलेक्ट्रॉनिक सामान होने की बात कही। सौदा तय होने के बाद कोड भेजकर दो अलग-अलग लोगों के खातों से कुल 1.05 लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिए। बाद में असली विकास से बात हुई तो पीड़ित को पता चला कि वह साइबर ठगी का शिकार हो चुका है। गांव सुंडाना निवासी नरेंद्र सिंह ने साइबर थाना रोहतक में दी शिकायत में बताया कि वह अपने दो मोबाइल नंबर इस्तेमाल करता है। 1 अक्टूबर को वह मोबाइल पर फेसबुक चला रहा था। इसी दौरान विकास सांगवान के नाम से फेसबुक अकाउंट से उसे मैसेज आया। बातचीत के दौरान उससे व्हाट्सऐप नंबर मांगे गए, जिसके बाद ठग ने व्हाट्सऐप पर संपर्क किया।

सीआरपीएफ कमांडेंट का नाम लेकर बनाया भरोसा

शिकायत के अनुसार फेसबुक से संपर्क करने वाले व्यक्ति ने बताया कि उसका संतोष कुमार नाम का दोस्त सीआरपीएफ में कमांडेंट है और उसके पास घरेलू व इलेक्ट्रॉनिक सामान रखा हुआ है। सामान अच्छी स्थिति में है और सस्ते दाम पर उपलब्ध है। नरेंद्र को सामान पसंद आया तो दोनों पक्षों के बीच व्हाट्सऐप पर बातचीत शुरू हो गई। आरोपी ने सामान की तस्वीरें भेजीं और पूरी कीमत 1 लाख 5 हजार रुपये बताई। नरेंद्र ने सौदा तय होने के बाद भुगतान करने की सहमति दे दी। इसके बाद आरोपी ने क्यूआर कोड भेज दिया।

दो दोस्तों से करवाया भुगतान

शिकायतकर्ता के अनुसार उसने आरोपी के भेजे क्यूआर कोड को अपने दो दोस्तों को भेजा। गांव काहनौर निवासी नरेश से 20 हजार और गांव सांघी निवासी जितेश से 85 हजार का भुगतान करवाया गया। इस तरह 1 अक्टूबर को दो अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए कुल ₹1,05,000 आरोपी के बताए बैंक खातों में पहुंच गए। भुगतान होने के बाद नरेंद्र ने जब अपने दोस्त विकास सांगवान से इस बारे में बातचीत की तो उसे पता चला कि विकास ने ऐसा कोई सामान बेचने का प्रस्ताव नहीं दिया था। इसके बाद उसे अपने साथ हुई साइबर ठगी का पता चला तो 1930 पर तुरंत की शिकायत दी।

रोहतक से 50 गाइड्स व 6 गाइड कैप्टन्स का दल शिमला रवाना



रोहतक। जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक के आदेशानुसार, जिला रोहतक से भारत स्काउट एंड गाइड्स का दल शिमला के तारा देवी स्थित प्रशिक्षण केंद्र के लिए रवाना हो गया है। इसमें राज्य पुरस्कार टेस्टिंग के लिए 50 गाइड्स और बेसिक ट्रेनिंग कोर्स के लिए 6 गाइड कैप्टन्स शामिल हैं। दल को डीईओ मनजीत मलिक और प्राचार्या अरुणा (जीएमएसएसएस भिवानी रोड) ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह पूरा दल डीओसी गाइड सुमन कादयान के नेतृत्व में रवाना हुआ है। इस दल में सोनिया (भिवानी रोड), किरण बाला (चिड़ी), अनीता तंवर (रिठाल), शिक्षा (बलियाना), सुमन (रोहतक रोड) व दीक्षा (रुड़की) गाइड कैप्टन अपने-अपने विद्यालयों की 8-8 गाइड्स के साथ शामिल हैं। डीईओ ने बच्चों को संदेश दिया कि स्काउट-गाइड कैंप से विद्यार्थियों में अनुशासन, कर्तव्यपरायणता, आत्मविश्वास, देश प्रेम और प्रकृति प्रेम की भावना विकसित होती है।

दो भाइयों पर डंडों और नुकीली चीजों से हमला एक के सिर में, दूसरे के चेहरे पर गंभीर चोटें

7-8 युवकों पर घेरकर पीटने का आरोप, एक भाई की प्लैटिनम चेन भी गायब; पुलिस ने दर्ज किया केस

रोहतक। अशोका चौक के पास एक ढाबे के नजदीक दो भाइयों को घेरकर लाठी-डंडों और नुकीली चीजों से हमला करने का मामला सामने आया है। हमले में दोनों भाई घायल हो गए। एक के सिर में टांके आए, जबकि दूसरे के चेहरे पर पांच टांके लगाए गए। घायलों को पीजीआई ले जाया गया, जहां दोनों की एमएलआर करवाई गई। शिकायत के आधार पर आर्य नगर थाना पुलिस ने विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 3 अक्टूबर को पीजीआई से पोर्टल के माध्यम से दो रुक्के प्राप्त हुए थे। इनमें गोल्डी पुत्र दर्शन लाल झांम और आशु पुत्र दर्शन लाल झाम के लड़ाई-झगड़े में घायल होकर अस्पताल में भर्ती होने की जानकारी दी गई थी। सूचना मिलने के बाद पुलिस कर्मचारी ट्रॉमा सेंटर पहुंचे और दोनों की एमएलआर प्राप्त की। शिकायत में आशु झांम ने बताया कि वह अपनी दुकान बंद कर घर जा रहा था। इसी दौरान उसने देखा कि गौरव पुनयानी उर्फ ब्लैक डीजी अपने 7-8 साथियों के साथ उसके भाई गोल्डी को पकड़े हुए था। आशु के अनुसार वहां पहुंचने पर आरोपियों ने गोल्डी पर लाठी-डंडों और नुकीली चीजों से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पर उसके साथ भी मारपीट की गई आशु ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान उसके भाई गोल्डी की प्लैटिनम चेन भी गायब हो गई।

एमडीयू: मर्सी चांस परीक्षा में बड़े फर्जीवाड़े के आरोप

पेपर लीक और सौदेबाजी पर उठे सवाल, उच्च स्तरीय जांच और एफआईआर की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) रोहतक में मर्सी चांस परीक्षा के दौरान एक बार फिर व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। परीक्षा शुरू होने से पहले से लेकर परीक्षा के दौरान छात्रों से 20 से 25 हजार रुपये तक की डीलिंग कर पेपर सॉल्व कराने और पास करवाने का बड़ा मामला सामने आया है। इस गंभीर प्रकरण को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन की कार्यप्रणाली कटघरे में खड़ी हो गई है। छात्रों की सोमवार को विवि प्रशासन के साथ मीटिंग हुई। मीटिंग के बाद ही विवि प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए एक परीक्षा केंद्र को बदल दिया है। शिकायत के अनुसार, एमडीयू के एक विभाग से जुड़ा एक मामला चर्चा का केंद्र बना हुआ है, जिसमें एक शोधार्थी पेपर आउट और परीक्षा के बाद पास कराने का आश्वासन देने का आरोप है। छात्रों ने मांग की है कि इस मामले में बिना किसी देरी के तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए। साथ ही, एक उच्च स्तरीय जांच कमेटी का गठन कर इस पूरे नेक्सस को बेनकाब किया जाए ताकि प्रतिष्ठित संस्थान की साख बची रहे।



▶▶ **परीक्षा भवन में सेंधमारी:** परीक्षा के दौरान प्रश्नपत्रों पर निशान लगाकर और अंदरूनी मिलीभगत से छात्रों को अनुचित लाभ पहुंचाने का तंत्र सक्रिय बताया।
▶▶ **शिक्षा माफिया की संलिप्तता:** आरोप है कि इस खेल में शिक्षक, गैर-शिक्षक कर्मचारी, शोध छात्र और शिक्षा माफिया का एक संगठित गिरोह काम कर रहा है।

नकल-मुक्त परीक्षाएं कराना प्राथमिकता

प्रो. संदीप बंसल ने छात्रों को आश्वस्त करते हुए कहा कि एमडीयू में नकल-मुक्त और पारदर्शी परीक्षाएं कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हालांकि यह इस सत्र का पहला ऐसा मामला सामने आया है, लेकिन भविष्य में इस प्रकार की किसी भी गड़बड़ी को रोकने के लिए परीक्षा केंद्रों पर अतिरिक्त सुपरवाइजर और कड़े सुरक्षा इंतजाम किए जा रहे हैं।

दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी

छात्रों द्वारा बताए गए संदिग्ध परीक्षा केंद्र को तत्काल प्रभाव से बदल दिया गया है ताकि परीक्षा प्रक्रिया की निष्पक्षता बनी रहे। इसके साथ ही, परीक्षा शाखा को प्राप्त सभी इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों और व्हाट्सएप चैट की गहन जांच के आदेश दे दिए गए हैं। दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
-प्रो संदीप बंसल एमडीयू रजिस्ट्रार

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5X8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2500/- रु. 3000/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

परावली व कचरा जला तो अधिकारी होंगे जिम्मेदार : डीसी

रोहतक। उपायुक्त सतबीर सिंह ने कहा कि परावली व कचरा जलाने की घटनाओं पर जिला प्रशासन जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्रवाई करेगा। धारा 163 के प्रतिबंधों की सख्ती से पालना सुनिश्चित की जाएगी और लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी की जवाबदेही तय होगी। सोमवार को एमडीयू के राधाकृष्णन ऑडिटोरियम में भुवन एप एवं सीआरएम एप स्टाफ ट्रेनिंग कैंप में उन्होंने अधिकारियों को देर शाम और तड़के गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए। जिले के 13 येलो जोन गांवों में विशेष निगरानी रखने को कहा। उन्होंने किसानों को पराली प्रबंधन के वैज्ञानिक विकल्प अपनाने और कस्टम हायरिंग सेंटर व सुपर सीडर का लाभ लेने के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए।

शहर को साफ-सुथरा बनाने की मुहिम ने पकड़ी गति

सड़क व खाली प्लॉट में कचरा नहीं डालने के लिए किया जागरूक

सेवा संकल्प के तहत 60 फुटा रोड पर चला सफाई अभियान, माता दरवाजा व जींद रोड से कूड़ा हटाया

- वार्ड पार्षद और स्थानीय नागरिकों की मौजूदगी में निगम टीम ने की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

शहर को साफ-सुथरा बनाने की मुहिम अब केवल निगम कार्यालय की फाइलों तक सीमित नहीं, बल्कि सड़कों तक पहुंचती नजर आ रही है। सोमवार को 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत नगर निगम की टीम वार्ड नंबर-4 में उतरी। यहां 60 फुटा रोड पर माता दरवाजा से लेकर जींद रोड तक विशेष सफाई अभियान चलाकर सड़क किनारे और आसपास लंबे समय से जमा कूड़े-कचरे को हटाया गया। अभियान में अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों के साथ जरूरी संसाधनों का भी इस्तेमाल किया गया। वार्ड पार्षद की मौजूदगी और स्थानीय नागरिकों की भागीदारी में चले अभियान के दौरान सड़क के किनारों, खाली स्थानों और आसपास के हिस्सों की सफाई करवाई गई। निगम की टीम ने कचरा उठाने के साथ ही क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने को लेकर लोगों को जागरूक भी किया। कचरे को केवल प्वाइंट पर ही डाले। इधर-उधर डालने से गंदगी फैलती है।



शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाए के लिए लोगों का सहयोग जरूरी

सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य केवल सफाई व्यवस्था को बेहतर करना नहीं है, बल्कि लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना पैदा करना भी है। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में लोगों का सहयोग जरूरी है। निगम के प्रयासों के साथ नागरिकों की सक्रिय भागीदारी बेहद जरूरी है। विभिन्न वार्डों में सफाई व्यवस्था की लगातार निगरानी की जा रही है।
-सत्येन्द्र दुहन, आयुक्त, नगर निगम

प्रतिबंधित प्लास्टिक का इस्तेमाल न करें

निगम की ओर से लोगों को समझाया गया कि घरों और दुकानों से निकलने वाला कचरा सड़क या खाली प्लॉट में न फेंकें। कचरा केवल नगर निगम की कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में ही डालें। इसके साथ ही प्रतिबंधित प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करने के लिए भी नागरिकों को प्रेरित किया गया।

हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा की बैठक

कल से हड़ताल और बड़े आंदोलन की चेतावनी दी



रोहतक। हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा डिपो की बैठक में 7 अक्टूबर की प्रस्तावित एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल को सफल बनाने पर चर्चा हुई। कर्मचारी नेताओं ने रोहतक बस स्टैंड के बूथ नंबर 4 और 5 को एक किए जाने पर रोष जताया। उन्होंने कहा कि बूथ 4 से जयपुर, कोटा, अजमेर और बालाजी जैसे लंबे मार्गों की बसें तथा बूथ 5 से झज्जर समेत लोकल मार्गों की बसें संचालित होती थीं। दोनों बूथ एक होने से छात्राओं, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगों और अन्य यात्रियों को परेशानी हो रही है। कर्मचारियों ने सरकार और परिवहन विभाग से दोनों बूथ अलग करने की मांग की। मांग पूरी नहीं होने पर 7 अक्टूबर को हड़ताल और आगे आंदोलन की चेतावनी दी।